



जनसुनवाई ▶ जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने अपने आवेदन दिये

# कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सुनी 19 आवेदकों की समस्यायें




**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा/ 24 फरवरी,** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने आज कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 19 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, खसरा-नक्शा दुरूस्त कराने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई कार्यक्रम में आज जीजाबाई, निवासी ग्राम बनगाँव द्वारा ग्राम खेड़ीकला तथा ग्राम आजनगांव स्थित कषि भूमि में वंशावली के अनुसार भू-अभिलेख में आवेदिका का नाम दर्ज करने के सम्बन्ध में,बनगाँव के समस्त पालकगण एवं ग्रामवासियों द्वारा शास. हाईस्कूल बनगाँव, पांढुर्णा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जोड़कर पेयजल की व्यवस्था कराने के सम्बन्ध में , देनु कवडेती, निवासी-मुंडीढाना रैयतवाडी,पांढुर्णा द्वारा स्वामित्व व कब्जे के भूमि/भूखंड पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कार्य करने के संबंध में,शिवदास मसतकार, निवासी उत्तमडेरा, पांढुर्णा द्वारा वसीयत के अनुसार नामांतरण के लिए दिया गया आवेदन का निराकरण कराने के सम्बन्ध में,विलास कोल्हे, निवासी-आंबेडकर वार्ड पांढुर्णा द्वारा मृतक माता शकुंतलाबाई बेवा बाबुरावजी कोल्हे के नाम से स्थित आवासीय मकान एवं रिक्त जगह पर अनावेदकगणों के द्वारा अवैध रूप से टिन शेड का निर्माण करने संबंधी जांच कराकर संबंधित विभाग द्वारा टिन शेड हटाकर अनावेदकगणों के विरूध्द उचित अधिनियम के तहत् कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में,भारती घाटोडे, निवासी-शास्त्री वार्ड,पांढुर्णा द्वारा आधार कार्ड में जन्मतिथी सुधार करने संबंध में,विजय दंडारे, निवासी ग्राम पारडी, पांढुर्णा द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना मे नाम जोड़ने एवं संबल कार्ड बनाने के सम्बन्ध में,कमलदास सोनकुंवर द्वारा विकलांग कोटे से प्रधानमंत्री आवास पाने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में,आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम नीलमणि अग्निहोत्री,संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा , सीईओ जनपद श्रीमती बंदू सूर्यवंशी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गयी।

## जघन्य एवं सनसनीखेज अपराधों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा / 24 फरवरी ,** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, पांढुर्णा में जघन्य, सनसनीखेज एवं चिन्हित अपराधों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित गंभीर प्रकरणों की गहन समीक्षा कर उनकी त्वरित एवं प्रभावी प्रगति सुनिश्चित करना रहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेश, अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, एसडीओपी ब्रजेश भार्गव, थाना प्रभारी पांढुर्णा निरीक्षक अजय मरकाम, थाना प्रभारी सौंसर निरीक्षक रूपलाल उईके, उप निरीक्षक आशीष भीमटे, उप निरीक्षक विक्रम बघेल, एडीपीओ उमेश कुशवाह, शिवेन्द्र सिंह तोमर, अखिल कुशराम, एजीपी पांढुर्णा प्रकाश बावने एवं एजीपी सौंसर संदीप मेश्राम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में लंबित जघन्य एवं सनसनीखेज अपराधों की प्रकरणवार विस्तृत समीक्षा की गई। प्रत्येक प्रकरण की वर्तमान स्थिति, विवेचना की प्रगति, साक्ष्य संकलन, अभियोजन की तैयारी तथा न्यायालयीन कार्यवाही की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने निर्देशित किया कि साक्षियों के समंस एवं वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली सुनिश्चित की जाए तथा साक्षियों को निर्धारित तिथि पर समय से न्यायालय में उपस्थित कराया जाए, ताकि सुनवाई की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो। कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## पांढुर्णा में 25 फरवरी को जिला स्तरीय रोजगार मेला

**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा /24 फरवरी,** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में आगामी 25 फरवरी 2026 (बुधवार) को जिला स्तरीय युवा संगम (रोजगार एवं स्वरोजगार मेला) का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय पांढुर्णा, अमरावती रोड (जिला पांढुर्णा) में प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। यह आयोजन युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों से सीधे जुड़कर रोजगार प्राप्त करने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी, जिनमें ड्रायटेक प्रोसेसेस प्राय. लिमि. पांढुर्णा द्वारा अप्रेन्टिसशिप के लिए, जया हिन्द इण्डस्ट्रिस प्राय. लिमि. पुणे द्वारा मशीन ऑपरेटर एवं ट्रेनी पदों पर, एसएमआर ऑटोमोबाइल प्राय. लिमि. पुणे द्वारा अप्रेन्टिसशिप एवं ट्रेनी के लिए, सफल (सुरूची) फूड प्रोडक्ट प्राय. लिमि. बोरगांव सौंसर द्वारा अप्रेन्टिसशिप/मेन्टेनेन्स मैकेनिक्स / सुपरवाईजर के लिए, एल एण्ड टी (लॉरिज किण्डसन) इलेक्ट्रिलि ऑटोमेशन नागपुर द्वारा प्रोडक्शन ऑपरेटर के लिए, सतीजा मोटर्स प्रा. लिमि. छिन्दवाड़ा द्वारा टेक्निशियन / मार्केटिंग / ऑफिस वर्क पदों पर, एयरटेल पेमेन्ट बैंक प्रा. लिमि. भोपाल द्वारा प्रमोटर के लिए, वर्ल्ड क्लास सर्विस प्रा. लिमि. भोपाल द्वारा ट्रेनी के लिए, एनआईआईटी फाउंडेशन छिन्दवाड़ा द्वारा सेल्स एक्सीकिटीव / टेलीकॉलर / ऑपरेटर के लिए, अन्नपूर्णा फयनेन्स प्राय. लिमि. बैतुल द्वारा फिल्ड क्रेडिट ऑफिसर / डेवलपमेन्ट ऑफिसर के लिए, इण्डस मल्टी सोल्युशन नागपुर द्वारा टेक्नीशियन के लिए तथा भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) पांढुर्णा द्वारा बीमा सखी (महिला) / ऑफिस वर्क / एजेन्ट पदों पर भर्ती की जाएगी।

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेश द्वारा पांढुर्णा एवं सौसर बस स्टैंड व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए दिए गए आवश्यक निर्देश

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक संपन्न




**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा / 24 फरवरी,** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम तथा यातायात व्यवस्थाओं को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेश की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, रा.नि. यातायात कंट्रोल पांढुर्णा शुभांशु चौरसिया, लोक निर्माण विभाग के सचिव एवं सदस्य सड़क सुरक्षा समिति सहित सड़कों एवं यातायात से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत पूर्व में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा से हुई। संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों का अवलोकन कर कलेक्टर श्री वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक कनेश ने प्रगति की स्थिति पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही समिति के सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों से समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की गई। एनएचएआई नागपुर इकाई को मोहि घाट में दीर्घकालीन (लॉन्ग टर्म) सुरक्षा उपायों को शीघ्र लागू करने तथा केंद्रीय विद्यालय जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित अंडरपास निर्माण कार्य में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए, जिससे विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

शहरी यातायात प्रबंधन के संदर्भ में पांढुर्णा बस स्टैंड में बसों के अत्यधिक घनत्व को नियंत्रित करने के लिए एक समय में बसों की संख्या को व्यवस्थित करने तथा अनावश्यक समय में बसों को अन्य स्थान पर खड़ा किए जाने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार सौसर में बस स्टैंड के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध न होने के कारण वैकल्पिक एवं उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक कनेश द्वारा पांढुर्णा शहर में भारी वाहनों के लिए निर्धारित प्रतिबंधित समय का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही संतरा वाहनों की मंडी क्षेत्र में अनियंत्रित आवाजाही को व्यवस्थित एवं नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर बल दिया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले में वाहन चालकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाहन लाइसेंस संबंधी सेवाओं की उपलब्धता के लिए कार्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया जाए, जिससे नागरिकों को स्थानीय स्तर पर सुविधा प्राप्त हो सके। लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने अधीन मार्गों की मरम्मत एवं सुधार कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। वहीं एनएच विभाग द्वारा मोहि घाट में किए जा रहे उपायों तथा एनएच 547 छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग पर संपादित कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया।

## उत्साह के साथ मनाई संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती



**नवभारत न्यूज़**
**पिपला नारायण वार 24 फरवरी.** बानाबाकोडा स्थित धम्म ज्योत बुद्ध विहार परिसर में संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जय भीम नवयुवक मंडल, समता सैनिक दल और छत्रपति शिवाजी महाराज युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उत्सव का शुभारंभ धम्म ज्योत बुद्ध विहार से एक भव्य रैली और पथ संचलन के साथ हुआ। रैली में उपासक और उपासिकाएं डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर कुमार प्रियांशु बागडे द्वारा बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसमूह ने जय भीम सलामी दी।

वहीं राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा के समक्ष आयुष्मति आशा दशरथ सोमकुंवर, छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर वंदना बागडे द्वारा माल्यार्पण अभिवादन किया। बुद्ध विहार में संत गाडगे बाबा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने गाडगे बाबा के स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक सुधार के विचारों पर प्रकाश डाला। मंडल के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे गाडगे बाबा के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा का कार्य जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन दिलीप राउत ने किया जिसमें बड़ी संख्या में उपासक, उपासिकाएं और युवा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ठेकेदार द्वारा किए जा रहे गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के बाद भी अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**पांढुरना,24 फरवरी,** नगर पालिका परिषद के विपक्षी दल कांग्रेस पार्षदों ने सोमवार को अपर कलेक्टर को एक हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौपते हुए नगर के विभिन्न वार्डों में किए जा रहे निर्माण कार्य की गुणवंत्ता अंत्यत निम्न क्वालिटी की होने की बार-बार नपा के जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाहीं नहीं होने का आरोप लगाते हुए इसकी जाँच कर दोषियों पर कार्यवाहीं की मांग की है । नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष मोहम्मद ताहिर अहमद पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस दल के पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर निलमणी अग्निहोत्री से भेट कर नगर के विभिन्न वार्डों में अर्णव कंपनी द्वारा बनाई जा रहीं नालिया, सडक्, रिटरनिंग वांल,चेकर अत्यंत गुणवंत्ताहिन कार्य किए जाने का आरोप लगाते हुए इन्हें निम्न क्वालिटी के कार्यों को देख कई बार नपा के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस और कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है,और करोड़ों के बील कंपनी को दे दिए जा रहे है ।

**नपा के कांग्रेसी पार्षदों ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौप कार्यवाही की मांग**

कांग्रेस पार्षद दल द्वारा जिला कलेक्टर महोदय से इस अर्णव कंपनी द्वारा नगर में किए गए सभी कार्यों की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। इस आशय का अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री को सौपते समय नपा उपाध्यक्ष ताहिर अहमद पटेल,प्रतिपक्ष नेता सुरेश सुरजुसे, अशोक कोल्हे,संदीप बनाईत, लता जसुतकर ,मीराबाई डाबरे,सुश्री चंदा देशभ्रतार,जयंत घोड़े, कांग्रेस युवा नेता प्रमोद बांबल,श्री राठौर,श्री जसुतकर,विलास डाबरे,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण में बाल विवाह संरक्षण की दिलाई शपथ




**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 24 फरवरी.** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सौसर जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन विकासखंड समन्वयक अनिल बोबडे के निर्देशानुसार आज ग्राम सौसर टोला, नवांकुर संस्था वीरांगना रानी दुर्गावती आदिवासी विकास एवं उत्थान समिति सौसर द्वारा आज सेक्टर क्रमांक दो के ग्राम के सभी प्रस्फुटन समिति, वरिष्ठ जनों एवं समाज में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के सभी व्यक्तियों की बैठक रखी गई ।

जिसमें शासन की समस्त जनकल्याणकारी बिंदुओं पर चर्चा की संस्था प्रमुख मोरेश्वर मर्सकोले ने बताया की शिक्षा एवं सूचना के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र में बाल विवाह का प्रकोप दिन प्रति दिन बढ़ते जा रहा है इसे रोकने हेतु शासन के साथ मिलकर सभी सामाजिक संस्था एवं जन समुदाय को जागरुक कर बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करना है जिससे आने वाले समय में सभी को अपना भविष्य सुधारने का अवसर प्राप्त हो अपनी परंपराएं को ध्यान में रखते हुए शासन के साथ मिलकर इस अभियान में सभी जन समुदाय को सहयोग करना है । परामर्शदाता दिनेश सोमकुंवर द्वारा उपस्थित सभी समुदाय एवं वरिष्ठ जनों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई सीएम इंटर चयनित एमएसडब्लू की छात्रा श्रीमती शीतल भुजाडे ने सभी जन समुदाय को शासन की हित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बताते हुए अनेक योजनाओं को विस्तार से बताया और इसका लाभ लेने हेतु आग्रह किया ग्राम के वरिष्ठ एवं जन प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती वंदना , राकी ,अनिता ईवनाती, नामदेव, शेषराव इवनाती,खेमराज सोनेकर ,विश्वेश्वर बागडे,हीरालाल उईके, शैलेंद्र बागडे ,नामदेव तुमडाम, सुर्यभान चीकटे,दिनेश भलावी, संजय बागडे, गजानद उईके, हरिदास धुर्वे, संदीप बोसम, लालशाह ईरपाची ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि एवं बीएसडब्लू/ एमएसडब्लू के विद्यार्थियों का सहयोग रहा ।

## फूड एवं वेजिटेबल प्रोसेसिंग पर अधिकारियों एवं कृषकों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

**पांढुर्णा।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग पांढुर्णा द्वारा विभाग के अधिकारी एवं भूमिसेवक फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन तथा अर्धनारीश्वर फॉर्म प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन के कर्मचारी एवं कृषकों को ड्राईटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में फूड एवं वेजिटेबल प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग आदि विषयों पर एक दिवसीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कंपनी अधिकारी अशोक कुमार एवं नितिन चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों द्वारा अधिकारियों एवं कृषकों को फूड एवं वेजिटेबल प्रोसेसिंग से संबंधित पूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## डिजिटल जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**नवभारत न्यूज**
**पांढुर्णा / 24 फरवरी,** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में जनपद पंचायत पांढुर्णा के सभा कक्ष में डिजिटल जनगणना 2027 के संबंध में जिले के समस्त चार्ज अधिकारियों के लिए आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा एवं अंतिम दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण अधिकारी सुश्री साक्षी कुमावत एवं कैलाश चंद्र साहू द्वारा जिले के सभी चार्ज अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल जनगणना की अवधारणा, कार्यप्रणाली एवं नवीन तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि सामान्य नागरिक स्वयं भी मोबाइल पोर्टल के माध्यम से (Self Enumeration) जनगणना प्रक्रिया में सहभागिता कर सकता है। प्रशिक्षण सत्र में चार्ज अधिकारियों को डिजिटल जनगणना की स्टेप-बाय-स्टेप संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त जनगणना कार्य के दौरान संभावित तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं की पहचान, उनके व्यावहारिक समाधान, डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग, डाटा की शुद्धता, समयबद्ध निष्पादन तथा आपसी समन्वय से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान सभाकक्ष में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री , एसडीएम सौंसर सिद्धार्थ पटेल , संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक, तहसीलदार पांढुर्णा विनय प्रकाश ठाकुर सहित जनगणना के लिए नियुक्त सभी चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल जनगणना 2027 जिले के लिए एक महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है।

## यूजीसी 2026 के समर्थन में बौध्द, ओबीसी समाज सड़क पर ...

**महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन....**




**नवभारत न्यूज**
**सौंसर 24 फरवरी.** यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) द्वारा वर्ष 2026 में बनाए गए नए नियमों को लागू करने और सामाजिक समानता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न संगठनों ने एकजुट होकर हुंकार भरी है।बुद्ध धम्म प्रचार समिति सौंसर के नेतृत्व में अंबेडकरी विचारधारा के अनुयायियों और ओबीसी समाज के लोगों ने स्थानीय डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक से तहसील कार्यालय तक एक विशाल रैली निकाली।

रैली के समापन पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। बुध्द धम्म प्रचार समिती अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे,मुलीधर कामले,देवेंद्र बागड़े,मोरेश्वर रंगारे,श्रीमती लता नागदवने, विट्ठल बागड़े ने बताया कि यूजीसी 2026 के नए नियम पूर्णतः संवैधानिक हैं। ये नियम संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 15(5) के तहत सामाजिक और शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों के लिए विशेष प्रावधानों के अनुरूप तैयार किए गए हैं। ये नियम न केवल समानता स्थापित करते हैं, बल्कि भविष्य में महाविद्यालयों के भीतर शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करेंगे।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इन नए नियमों में केवल आरक्षित वर्गों ही नहीं, बल्कि (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग), महिलाओं और दिव्यांगजनों के हितों को भी प्राथमिकता दी गई है। यह नियम समावेशी शिक्षा प्रणाली की नींव रखते हैं, इसलिए इनका समर्थन करना संवैधानिक और अनिवार्य है। महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौसर प्रशासन को सोपे ज्ञापन में यूजीसी के इन प्रगतिशील नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक पर चिंता व्यक्त की, साथ ही माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को तुरंत वापस लिया जाए। यूजीसी 2026 के नियमों को यथावत लागू कर उन्हें पूर्ण मान्यता दी जाए।

शैक्षणिक संस्थानों में भेदभाव मिटाकर समानतावादी नीतियों को नियमित किया जाए आदि मागों का समावेश है,डॉ राहुल वाहने,नकलकार विजय घाटोड, शत्रुघ्न ठवरे,सिद्धार्थ सोमकुंवर, सैफ अली, प्रदीप सोमकुंवर, जुबेर अली, अशोक कडवे, पंकज शेंडे, हेमराज तांडेकर, सविता दुफारे,पमिता बागडे, नितल हनवते, माया दुफारे, विठ्ठल बागडे,रेखा शेंडे, सहित बड़ी संख्या में समाज सेवी और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।